टैक्सधारकों के पैसे से मिलता है गरीब को राशन: मायावती

सुल्तानपुर, एजेंसी।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपनी जेब से लोगों को राशन नहीं दे रही है बल्कि जनता अपने टेक्स के पैसे से ही गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है। बसपा के लोकसभा प्रत्याशी उदराज वर्मा के लिए जनसभा करने पहुंची मायावती ने साफ तौर पर लोगों को भाजपा के बहकावे में ना आने की लोगों से अपील की।

मोतीगंज में हुई इस जनसभा में बड़ी संख्या में लोग आये। सुश्री मायावती ने अपने संबोधन में अल्पसंख्यक मतदाताओं पर डोरे डालने का प्रयास किया। उन्होने कहा हमने अंबेडकरनगर से मुस्लिम समाज के प्रत्याशी उतारने का फैसला किया।

उन्होंने कहा देश में हर स्तर पर फैला भ्रष्टाचार अभी तक खत्म नहीं हुआ है। कांग्रेस-बीजेपी और इनकी सहयोगी पार्टियों को केंद्र की सत्ता में आने से जरूर रोकना है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार की तरह ही वर्तमान भाजपा सरकार जातिवादी, हीनवादी, संप्रदाय वादी और पूंजी वादी सोच के चलते ही पूरे देश में खासकर दलितों गरीबों आदि वासियों, मुस्लिम आदि का विकास में उत्थान नहीं हो सका।

महबूबा केवल नेकां को निशाना बनाती हैं, भाजपा को नहीं: उमर

कहा, पीडीपी का समूह से खुद को दूर करने का निर्णय किसी वैचारिक मुद्दे के बजाय अपने खुद के हित से प्रेरित था

पहलगाम (कश्मीर), एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और पीएजीडी के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुफ्ती ने कभी भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रचार नहीं किया और केवल उनकी पार्टी 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' (नेकां) को ही निशाना बनाया।

'पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन' (पीएजीडी) की एकता और चुनाव के दौरान संयुक्त प्रयास किये जाने की बात दोहराते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी का समूह से खुद को दूर करने का निर्णय किसी वैचारिक मुद्दे के बजाय अपने खुद के हित से प्रेरित था।

नेकां उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, जहां तक पीएजीडी का सवाल है, पीएजीडी बरकरार है। पीएजीडी ने यह चुनाव एक साथ लड़ा। चाहे वह अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) अथवा नेकां, केवल पीडीपी ही दूर हुई है।

पीएजीडी का गठन छह दलों ने किया था, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट

पार्टी (भाकपा) और सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस भी शामिल थी। स्थानीय निकाय चुनाव में हार के बाद हालांकि लोन की पार्टी अलग हो गई। अब्दुल्ला ने अनंतनाग-राजौरी सीट पर अंतिम दौर के प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा को लेकर पीडीपी के रुख पर सवाल उठाया और दावा किया कि उधमपुर और जम्मू जैसे स्थानों पर कांग्रेस या 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में और भाजपा के खिलाफ मुफ्ती ने सक्रिय रूप से प्रचार नहीं किया।

उन्होंने कहा उन्होंने न तो उधमपुर में भाजपा के खिलाफ प्रचार किया और न ही जम्मू में प्रचार किया। तो ऐसे में वह 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने का दावा कैसे कर सकती है? वह भाजपा के खिलाफ होने का दावा कैसे कर सकती हैं? वह सिर्फ नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ हैं, वह भाजपा के खिलाफ नहीं हैं। अनंतनाग-राजौरी सीट पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा।

अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी पिछले दो साल से लगातार नेकां की आलोचना कर रही है।

श्रीनगर लोकसभा से पीडीपी उम्मीदवार वहीद पारा का प्रत्यक्ष रूप से नाम लिये बगैर अब्दुल्ला ने बताया कि उन्होंने (पारा ने) जेल से रिहा होने के बाद राजनीतिक गतिविधियों को फिर से शुरू किया और उनके शुरुआती भाषण नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ थे, जो पीडीपी की एक सोची-समझी रणनीति का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा, मैं पीडीपी से पूछता हूं कि भाजपा के खिलाफ उनका अभियान कहां है, मुझे एक जगह बताएं जहां महबूबा मुफ्ती गई थीं और कांग्रेस या 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में और भाजपा के खिलाफ प्रचार किया था।

एक नजर

प्रज्वल मामले को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध नहीं कांग्रेस: विजयेंद्र

बेंगलुरू,एजेंसी। कर्नाटक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर वह प्रज्वल रेवन्ना यौन प्रताडना मामले को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध नहीं होने का आरोप लगाया है। विजयेंद्र ने बुधवार को यूनीवार्ता से बातचीत में विजयेंद्र ने कांग्रेस पर संबंधित मामले में शामिल महिला के लिए न्याय के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को महिलाओं को न्याय देने में कोई दिलचस्पी नहीं है और उनकी केवल राजनीतिक लाभ में रुचि है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने लाने में विफल रही और इसके बजाय उसने घोटाले से जुड़े यौन वीडियो क्लिप वाली एक पेन ड्राइव के विवाद पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, पेन ड्राइव के जारी होने का समय बताता है कि इसके पीछे कांग्रेस नेता हैं। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी न्याय सुनिश्चित करने की बजाय 'गंदी राजनीति करने' में लिप्त है।

राहुल गांधी के सामने किरण चौधरी-राव दान सिंह भिड़े

भिवानी,एजेंसी। हरियाणा कांग्रेस की गुटबाजी और नेताओं के बीच तनाव सामने आया जब बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में पार्टी नेता किरण चौधरी और राव दान सिंह एक-दूसरे से बहस करने लगे और पार्टी नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सुश्री चौधरी से अपनी सीट खाली करवायी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में श्री हुड्डा गुट और एसआरके (कुमारी सैलजा, रणबीर सुरजेवाला और किरण चौधरी) गुट में कथित रूप से तनी हुई है।

चरखी दादरी में चुनावी रैली के दौरान श्री हुड्डा जब भाषण देने उठे तो सुश्री चौधरी उनकी सीट पर आकर बैठ गयीं और श्री गांधी से शिकायत करने लगीं। इस पर श्री गांधी की दूसरी ओर बैठे राव दान सिंह (प्रत्याशी) इसका जवाब देने लगे और दोनों ने एक-दूसरे पर उंगली उठाई। श्री गांधी इस दौरान चुप बैठे रहे। श्री हुड्डा लौटे तो सुश्री चौधरी ने उन्हें अगली सीट पर बैठने को कहा लेकिन गुस्साये श्री हुड्डा ने उन्हें सीट छोड़ने को कहा, जिसके बाद सुश्री चौधरी अपनी सीट पर लौटीं।

इंडिया गठबंधन की सरकार न्यायपालिका को 'दबाव' से मुक्त करेगी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आता है तो वह न्यायपालिका को मोजूदा अत्यधिक दबाव से मुक्त करेगा और साथ ही पांच जून को जेल से उनकी रिहाई भी सुनिश्चित करेगा क्योंकि उनके खिलाफ सभी मामले फर्जी हैं।

अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल अपनी चुनावी रैलियों में कहते रहे हैं कि अगर विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन जीतता है तो चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के अगले दिन वह जेल से मुक्त हो जाएंगे। केजरीवाल से पूछा गया कि वह ऐसा बयान केसे दे सकते हैं, जिसका अर्थ है कि उनके खिलाफ

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन उन्हें मुक्त कराने के लिए अदालत की बांह मरोड़ देगा।

केजरीवाल ने जमानत पर रिहा होने के बाद किसी मीडिया प्रतिष्ठान को दिए अपने पहले साक्षात्कार में कहा, न्यायपालिका इस समय काफी दबाव में है। हर कोई जानता है कि वह अब कितने दबाव में काम कर रही है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका मतलब यह है कि जीतने की स्थिति में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार भी उन्हें रिहा कराने के लिए अदालतों पर दबाव डालेगी, केजरीवाल ने कहा, ''हम कोई दबाव नहीं डालेंगे लेकिन अगर न्यायपालिका से दबाव हटा दिया जाए तो न्याय निष्पक्षता से मिलना शुरू हो जाएगा।''

उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ सभी मामले फर्जी हैं। कहीं भी पैसे का कोई लेन-देन नहीं है। एक पैसे का भी पता नहीं चला है। अगर भ्रष्टाचार था, तो पैसा कहां गया?

केजरीवाल को उनकी सरकार की आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इस मामले में उनके पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी तिहाड़ जेल में हैं। उनके अलावा एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन भी तिहाड़ में बंद हैं।

केजरीवाल को मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल होने के लिए एक जून यानी आखिरी चरण के मतदान तक के लिए उच्चतम न्यायालय से 10 मई को अंतरिम जमानत मिल गई थी।

जनरल चौहान ने साइबर सुरक्षा क्षमता बढाने पर बल दिया

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने देश की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है जिससे कि सैन्य और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा संगठनों के बीच सहयोग तथा एकीकरण बढ़ाया जा सके। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सीडीएस ने 'साइबर सुरक्षा अभ्यास 2024' में हिस्सा लिया और साइबर क्षेत्र में सभी हितधारकों के बीच एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने उभरते साइबर खतरों से निपटने के लिए एक परस्पर सहयोग पर आधारित माहौल को बढ़ावा देने की पहल की सराहना की।

सांप्रदायिक, घोर जातिवादी व परिवारवादी है कांग्रेस: कंगना

मंडी, एजेंसी।

हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने बुधवार को इंडिया समूह और कांग्रेस पर जोरदार हमला करते हुए आरोप लगाया कि दोनों ही सांप्रदायिक,घोर जातिवादी व परिवारवादी हैं।

कंगना ने आज लाहौल स्पीति के उदयपुर व अन्य दलम क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 सालों तक इन्ही विषयों पर राजनीति की है। कांग्रेस ने गरीब, अनुसूचित जाति (एससी)-अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), महिलाओं तथा देश के हर वर्ग को धोखा दिया।

कंगना ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सिर्फ एक ही 'वोट बैंक' बचा है।

आज वे लोग एक 'वोट बैंक' को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण छीनकर बांटना चाहते हैं। अगर आंबेडकर नहीं होते तो आरक्षण विरोधी नेहरू एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते। श्री नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर इसका विरोध किया था। श्री नेहरू से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने प्रधानमंत्री हुए, सब ने आरक्षण का विरोध किया।

शरद पवार हमेशा भ्रष्ट लोगों को साथ लेकर चले : अन्ना हजारे

अहमदनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने चुनावी मौसम में एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार पर साधा निशाना है। यहां बुधवार को उन्होंने कहा कि पवार हमेशा भ्रष्ट लोगों को साथ लेकर चले, इसलिए वह उनका विरोध करते रहे हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार का एक बयान आया है, जिसमें उन्होंने कहा है, अन्ना हजारे और पूर्व बीएमसी अधिकारी जीआर खैरनार ने मुझ पर गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अब इन दोनों के लिए मेरे दिल में कोई जगह नहीं है। इसी बयान पर अन्ना हजारे ने पलटवार

किया है।

शरद पवार ने 12 साल पहले एक अखबार को दिए इंटरव्यू में अन्ना की आलोचना की थी, जो अन्ना को याद आई।संवाददाताओं से मुखातिब अन्ना हजारे ने कहा, शरद पवार मुझ पर टिप्पणी करने के 12 साल बाद नींद से जागे हैं। आज अचानक शरद पवार की नींद क्यों खुली, मुझे पता नहीं। मैं कभी किसी पार्टी को लेकर टिप्पणी नहीं करता हूं।

धनखड़ ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनखड़ ने भगवान बुद्ध के शाश्वत मूल्यों को अपनाने और उन्हें अपने विचारों तथा कर्म में सम्मिलित करने का आह्वान किया है। उप राष्ट्रपति ने कहा, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। आइए इस पवित्र अवसर पर, हम मानवता के कल्याण के लिए भगवान बुद्ध के शाश्वत मूल्यों को अपनाएं और उन्हें अपने विचारों तथा कर्म में सम्मिलित करने का संकल्प लें।

लोकसभा चुनाव में महिला उम्मीदवार 10 फीसदी से भी कम : एडीआर

नई दिल्ली, एजेंसी।

इस बार के लोकसभा चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। चुनाव अधिकारों से जुड़े विषयों पर काम करने वाली एक संस्था ने अपने विश्लेषण में यह जानकारी साझा की।

'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार उसने 8,337 उम्मीदवारों का विश्लेषण किया जिनमें से महिलाएं केवल 797 हैं जो कि चुनाव के सात चरणों में मैदान में उतरे कुल उम्मीदवारों का मात्र 9.5 प्रतिशत है।

लोकसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने वाला महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद यह पहला चुनाव है।

हालांकि, यह विधेयक अभी लागू नहीं हुआ है। पहले चरण के चुनाव के दौरान 1,618 उम्मीदवारों में से केवल 135 महिलाएं थीं। बाद के चरणों में भी ऐसा ही जारी रहा।

दूसरे चरण में भाग लेने वाले 1,198 उम्मीदवारों में से 1,192 के हलफनामों का विश्लेषण किया गया, जिनमें 100 से अधिक महिलाएं थीं।

तीसरे चरण में 1,352 उम्मीदवार थे, जिनमें महिलाओं की संख्या महज 123 थी। चौथे चरण में हिस्सा लेने वाले 1,717 उम्मीदवारों में से 1,710 के हलफनामों का विश्लेषण किया गया, जिनमें 170 महिलाएं थीं।

पांचवें चरण में सबसे कम 695 उम्मीदवार थे जिनमें 82 महिलाएं थीं, जबकि छठे चरण के 869 उम्मीदवारों में से 866 के हलफनामों का विश्लेषण किया गया और इसमें 92 महिलाएं हैं।

सातवें चरण के लिए 904 उम्मीदवार होंगे, जिनमें केवल 95 महिलाएं हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के 'जीसस एंड मेरी कॉलेज' की प्रोफेसर डॉ. सुशीला रामास्वामी ने इस बात पर बल दिया है कि राजनीतिक दलों को महिलाओं की उम्मीदवारी को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा, राजनीतिक दलों को अधिक सक्रिय होना चाहिए था तथा अधिक महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहिए था।

उन्होंने पार्टी के भीतर महिलाओं के लिए सीट आरक्षण की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला, जैसा कि ब्रिटेन की लेबर पार्टी में है।

तेलंगाना के किसानों को फिर धोखा दे रही है कांग्रेस: किशन रेड्डी

हैदराबाद, एजेंसी।

केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर एक बार फिर तेलंगाना के किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। रेड्डी ने नामपल्ली में आज राज्य पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए चुनाव पूर्व वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस की जमकर आलोचना की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर दो लाख रुपये की माफी के साथ किसानों का ऋण माफ करेगी। लेकिन उसने अभी तक इस वादे को पूरा नहीं किया और किसानों को फिर से धोखा देने का काम किया है। रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों और

पट्टेदार किसानों को रायथु भरोसा योजना के अंतर्गत 15,000 रुपये देने के साथ-साथ धान की फसलों के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का भी वादा किया था। कांग्रेस ने हालांकि इन वादों को भी पूरा नहीं किया और न ही कांग्रेस सरकार का इसे लागू करने का कोई इरादा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस ने पिछली लोकसभा चुनावों के दौरान कई बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन चुनाव पूरा होने के बाद उन सभी वादों को भूल गयी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर लोगों को बहकाने के लिए धर्म का सहारा लेना का भी आरोप लगाया और कर्ज माफी के वादे को लागू करने में हो रही देरी और अब इसे अगस्त 2024 तक के लिए टालने पर कांग्रेस की जमकर आलोचना की।

रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन (09 दिसंबर) पर किसानों को दो लाख रुपये की कर्ज माफी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने धान की खेती के लिए कांग्रेस की 500 रुपए के बोनस की घोषणा का भी उल्लेख किया और कहा कि यह पतले धान बाली (फाइन राइस) तक ही सीमित है जिसकी खेती राज्य में बहुत कम होती है।

रेड्डी ने केंद्र सरकार के खरीद समझौतों को पूरा करने में विफल रहने के लिए भी कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य को खरीफ मौसम में 22 लाख टन चावल की आपूर्ति करनी थी, लेकिन उसने इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया है।

बीजद विधायक ज्योति प्रकाश पाणिग्रही का इस्तीफा

भुवनेश्वर,एजेंसी। ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल(बीजद) विधायक एवं पूर्व मंत्री ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सिमुलिया के दो बार विधायक रहे श्री पाणिग्रही ने बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को लिखे पत्र में कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में एक दशक तक सिमुलिया के लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि वह भविष्य में भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगे।

सातवें चरण में 57 सीटों के लिए 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीटों पर 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे।

इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। इन सीटों के लिए नामांकन पत्र दायर करने की अंतिम तिथि 14 मई तक कुल 2105 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनकी जांच के बाद 954 नामांकन पत्र वैध पाए गए।

नाम वापस लेने की तिथि के बाद उम्मीदवारों की संख्या 904 रह गयी। इस चरण में पंजाब तथा उत्तर प्रदेश की 13-13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ , ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन और चंडीगढ की एक सीट के लिए वोट डाले जायेंगे। सातवें चरण में पंजाब की 13 सीटों के लिए सबसे अधिक 598 तथा उत्तर प्रदेश की भी 13 सीटों के लिए 495 पर्चे भरे गये।

बिहार की जहानाबाद संसदीय सीट के लिए सर्वाधिक 73 नामांकन पत्र मिले।

पंजाब की लुधियाना सीट के लिए 70 नामांकन पत्र दायर किये गये। इस चरण में एक सीट पर लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 16 है।

Morning Glory Leasing and Finance Limited
CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100
Extract Of Statement Of Standalone Audited Financial Results For The Quarter And Year Ended March 31, 2024 (Rs. in lakhs

S. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
		As on 31-03-2024 (Audited)	As on 31-03-2023 (Audited)	As on 31-12-2023 (Unaudited)	As on 31-03-2024 (Audited)	As on 31-03-2023 (Audited)
1	Total income from Operations	1.26	1.32	1.28	5.97	6.52
2	Net Profit /(Loss) for the period (before tax & exceptional items)	0.20	0.08	0.41	2.38	2.74
3	Net Profit /(Loss) for the period (before tax after exceptional items)	0.20	0.08	0.41	2.38	2.74
4	Net Profit /(Loss) for the period (after tax after exceptional items)	0.20	0.08	0.30	1.76	2.03
5	Total Comprehensive Income for the period (comprising profit /(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax)	(53.90)	(58.46)	(23.75)	(131.46)	8.33
6	Paid up Equity Share Capital (face value of Rs.10/- each)	24.90	24.90	24.90	24.90	24.90
7	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) (not annualised)					
	1. Basic	(21.32)	(23.48)	(9.54)	(52.80)	3.35
	2. Diluted	(21.32)	(23.48)	(9.54)	(52.80)	3.35

NOTES :
1. The above is an extract of the detailed format of quarterly/yearly financial results filed with the stock exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly/yearly financial results is available on the stock exchange website.(URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
2. The above financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on May 21, 2024. The Statutory auditor has expressed an unmodified audit opinion on these financial statements.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Place : New Delhi — Rajesh Bagri
Date: 21st May, 2024 — Managing Director and Chief Financial Officer

लोस चुनाव आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सज की अतिरिक्त 200 कंपनियां की गई तैनात, सरहद पर हाई अलर्ट

हाई प्रोफाइल अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर 25 को होगा मतदान

सतीश वर्मा

पीर पंजाल, मेट्रो मीडिया। जीत हमारी -इंशाल्लाह इंशाल्लाह, मेहबूबा जी-जिंदाबाद जिंदाबाद..। पीर पंजाल खित्ते में जारी जुलूस- जलसों में गूंजते नारों के बीच इल्तिजा मुफ्ती अपनी मां महबूबा मुफ्ती के लिए वोट मांगती नजर आती हैं। इल्तिजा अपने नाना दिवंगत मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद और अपनी मां एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा इस खित्ते में किए गए कामों का एक एक कर लगातार जिक्र करती हैं। उनके भाषणों में जुझारूपन भी दिखाई देता है। मेट्रो मीडिया से बातचीत करते हुए वह अनंतनाग संसदीय सीट पर हुए परिसीमन का जिक्र करते हुए, उसे खारिज करती हैं।

राजौरी के बाबा गुलाम शाह यूनिवर्सिटी से लेकर मुगल रोड को लेकर किए गए कार्यों को भी वह लोकल लोगों की भीड़ के सामने रखती हैं। इसी तरह इस संसदीय क्षेत्र अनंतनाग-पुंछ राजौरी के तहत पीर पंजाल क्षेत्र में गुर्जर बकरवाल समुदाय के लोकप्रिय नेता एवं नेशनल कांफ्रेंस प्रत्याशी मियां अल्ताफ अहमद लारवी के समर्थन में जगह-जगह जलसे जलूस आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें गुर्जर बकरवाल समुदाय के काफी बड़ी तादाद में पार्टी के स्थानीय नेता व लोग भाग लेते दिखाई देते हैं। डॉ फारूक अब्दुल्ला से लेकर उमर अब्दुल्ला भी पार्टी प्रत्याशी मियां अल्ताफ अहमद लारवी के पक्ष में धुआंधार भाषण देते हैं। इस संसदीय सीट पर अन्य प्रमुख प्रत्याशियों में जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के जफर इकबाल मन्हास व गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के एडवोकेट मोहम्मद सलीम परे के समर्थन में भी यंहा जलसे आदि देखें गए।

दिलचस्प बात यह है कि जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में भाजपा के महासचिव तरुण चुग, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रेना तथा अन्य राज्यों से आए भाजपा के कई नेता मंचासीन दिखाई दिए और वह सभी अल्ताफ बुखारी की जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में पुरजोर वकालत करते दिखाई दिए। काबिले गौर है कि इस संसदीय सीट की कुल 18 विधानसभासीटों में 11 दक्षिण कश्मीर में और सात विधानसभा सीटें पीर पंजाल क्षेत्र यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर से जुड़े जुड़वा जिले राजौरी व पुंछ की हैं। हालांकि इस जुड़वा जिले में कुल आठ विधानसभा क्षेत्र हैं, इनमें शेष अन्य एक सीट जम्मू रियासी संसदीय सीट के अंतर्गत आती है। चुनाव प्रचार कल शाम 4 बजे थम जाएगा। इस संसदीय सीट पर किस पार्टी अथवा प्रत्याशी का पलड़ा भारी है, यह अभी कह पाना नामुमकिन है। परंतु, मुख्य मुकाबला पीडीपी प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के प्रत्याशी मियां अल्ताफ अहमद लारवी के बीच होता दिखाई दे रहा है। यह जुदा बात है कि अल्ताफ बुखारी की जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी के प्रत्याशी जफर इकबाल मन्हास के लिए भाजपा ने अपनी पूरी शक्ति लगा रखी है।